दिनांक : 30.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा– आपातकाल लगाने वालों ने न्यायपालिका को गुलाम बनाने का इरादा किया।
- गृह मंत्री अमित शाह ने देश से अगले साल तक माओवाद को खत्म करने के सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया।
- महिला सहकारी समिति लिमिटेड ने जंगलीघाट में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।
- चाथम पुल की खराब स्थिति के कारण चाथम–बम्बूफ्लाट और चाथम–डंडस प्वाइंट के बीच फेरी सेवा के लिए परामर्श जारी किया गया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी से कल मन की बात कार्यक्रम के एक सौ तेईसवें संस्करण में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन लोगों ने देश में आपातकाल लगाया, उन्होंने न केवल संविधान की हत्या की बल्कि न्यायपालिका को भी गुलाम बनाने का इरादा किया। हमें उन सभी लोगों का स्मरण रखना चाहिए, जिन्होंने आपातकाल का डटकर मुकाबला किया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं वह दौर कैसा था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके अनेक उदाहरण है जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। जार्ज फर्नांडीज साहब को जंजीरों से बांधा गया था। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक और कैलाश मानसरोवर यात्रा से लेकर अमरनाथ यात्रा तक अपने विचार साझा किए। इस संस्करण में प्रधान मंत्री श्री मोदी ने छत्रपति संभाजी नगर जिले के एक छोटे से गांव पटोदा का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पटोदा गांव ने दूसरे गांवों के लिए एक सशक्त उदहारण पेश किया है। पटोदा गांव के लोग अपने घरों के बाहर कचरा नहीं फेंकते हैं। इस गांव में प्रत्येक घर से कचरा लेने के लिए एक समुचित तंत्र है। गंदा पानी नदी में जाने से पहले उसे स्वच्छ किया जाता है। गांव के लोग किसी के मरने पर उनका अंतिम संस्कार लकड़ी के बजाए गाय के गोबर से बने जलावन का इस्तेमाल करके करते हैं।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने देश से अगले साल तक माओवाद को खत्म करने के सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सशस्त्र वामपंथी उग्रवादियों के साथ कोई बातचीत नहीं की जाएगी। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद निजामाबाद में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने माओवादियों से आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने का अनुरोध किया। श्री शाह ने कहा कि हिंसा का त्याग करने के इच्छुक लोगों के लिए दरवाजे खुले हैं। सरकार देश से वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले अट्ठारह महीनों में दो हजार से अधिक माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है और उन्होंने पूर्वोत्तर में दस हजार से अधिक लोगों का उदाहरण दिया, जिन्होंने मुख्यधारा में शामिल होने के लिए हथियार डाल दिए। गृहमंत्री श्री शाह ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी से भी सतर्क रहने और राज्य को माओवादियों का अड्डा नहीं बनने देने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का कार्यान्वयन शुरू करने का निर्देश दिया है। इस कदम से प्रतीक्षा सूची के टिकट वाले यात्रियों की अनिश्चितताओं में कमी आएगी। यह प्रतीक्षा सूची के टिकट कंफर्म नहीं होने की स्थिति में यात्रियों को वैकल्पिक प्रबंध करने का और समय भी प्रदान करेगा। रेलवे टिकट बुकिंग को आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। रेल मंत्रालय ने कहा कि नई आरक्षण प्रणाली प्रति मिनट एक लाख पचास हजार से अधिक रेल टिकट जनरेट करने में सक्षम है। रेलवे आई आर सी टी सी वेबसाइट पर तत्काल टिकट बुक करने के लिए केवल प्रमाणित उपयोगकर्ताओं को अनुमति देगा। इसके लिए पहली जुलाई से मोबाइल ऐप शुरू होने जा रहा है।

<><><><><><><>

महिला सहकारी समिति लिमिटेड जंगलीघाट में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रम मे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, स्कूल लाइन के प्राचार्य, सहकारी समितियों के निरीक्षक तथा समिति के प्रबंध सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मातृत्व के प्रति सम्मान, पर्यावरण चेतना, स्थिरता और सहकारी मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए पौधे लगाए गए। सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रधानाचार्य, सहकारिता विभाग के अधिकारियों और सोसाइटी के सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

चाथम पुल की खराब स्थिति के कारण जहाजरानी विभाग ने चाथम–बम्बूफ्लाट और चाथम–डंडस प्वाइंट के बीच केवल यात्रियों और दुपहिया वाहन मालिकों के लिए फेरी सेवा उपलब्ध कराई है। सरकारी विभाग के वाहनों सहित निजी तीन पहिया और चार पहिया वाले वाहनों को चाथम से फेरी सेवा इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे वाहनों को फीनिक्स बे जेट्टी का इस्तेमाल करने को कहा गया है। बम्बूफ्लाट से फीनिक्स बे के लिए पहली फेरी सेवा सुबह छः बजे से शुरू होगी, जबकि फीनिक्स बे से सुबह सात बजे बम्बूफ्लाट के लिए फेरी सेवा उपलब्ध रहेगी। फीनिक्स बे से बम्बूफ्लाट के लिए अंतिम फेरी सेवा शाम सात बजे और बम्बूफ्लाट से फीनिक्स बे के लिए रात आठ बजे अंतिम फेरी सेवा उपलब्ध रहेगी। आपातकालीन सेवा के वाहनों के लिए भी वाहन फेरी सेवा फीनिक्स बे से उपलब्ध रहेगी। यात्रियों को संशोधित सारणी के हिसाब से यात्रा निर्धारित करने को कहा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

<><><><><><><>

एकीकृत कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने छोलदारी के किसान बलविन्दर सिंह को पैंतालीस दिन के बत्तख के बच्चे, अजोला और नेपियार घास कटिंग करने की मशीन वितरित की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने बत्तख प्रबंधन, अजोला खेती और चारा खेती पर किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम में किसानों को सुपर नेपियार घास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक उच्च उपज देने वाली चारा घास हैं, जो पूरे साल हरे चारे के रूप में उपलब्ध रहती है और इससे किसानों की आजीविका और उत्पादकता में सुधार होगा।

<><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा से प्राप्त सूचना के अनुसार जून–जुलाई दो हजार पच्चीस सत्र के लिए विभिन्न विषयों के अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों के लिए समय सारणी में कुछ तिथियों को संशोधित किया गया है। संशोधित तिथि पत्र पांडिचेरी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मौजूद है और जे एन आर एम के प्रवेश और परीक्षा शाखा के नोटिस बोर्ड पर रखा गया है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए छात्र जे एन आर एम की परीक्षा शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और बिजली गिरने की संभावना है। आज रात साढ़े ग्यारह बजे तक समुद्र में दो मीटर से ज्यादा ऊँची लहरे उठने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार नागरिकों और मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे गहरे समुद्र में जाने से बचें।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

द डेली टेलीग्राम्स ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में उस बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अखबार ने शिक्षक पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए ऑनलाइन स्व–नामांकित आवेदन आमंत्रित करने के समाचार को भी पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। राष्ट्रीय एकल विंडो प्रणाली पर ऑनलाइन सेवाएं आरंभ होने के समाचार को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने के मध्य में प्रकाशित किया है। अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने मुख्य सचिव के डिगलीपुर का दौरा करने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने राशन कार्ड धारकों के ई–के वाई सी अपडेट को पूरा करने के समाचार को पहले पन्ने के ऊपरी भाग में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय में सांख्यिकी दिवस मनाए जाने के समाचार को प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>